


हर एक सफलता के बाद आत्मविश्वास बढ़ता गया

# रोहित की दबाव झेलने की क्षमता ने बनाया सबसे सफल आईपीएल कप्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण ने कहा कि रोहित शर्मा का इंडियन प्रीमियर लीग (च्स्) में कप्तान के तौर सफलता का सबसे बड़ा कारण दबाव की परिस्थितियों में भी शांत चित बने रहना है। मुंबई इंडियंस (डप्) के 33 वर्षीय कप्तान रोहित ने अब तक आईपीएल में चार खिताब जीते हैं, जो चेन्नै सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से एक खिताब अधिक है। इससे वह आईपीएल इतिहास के सबसे सफल कप्तान बन गए हैं।

लक्ष्मण ने याद किया कि डेक्कन चार्जर्स की तरफ से पहले आईपीएल में खेलते हुए रोहित एक बल्लेबाज और नेतृत्वकर्ता के रूप में कैसे बेहतर बने। उन्होंने एक स्पोर्ट्स शो में कहा, 'वह डेक्कन चार्जर्स की टीम में रहते हुए ही नेतृत्वकर्ता बन गए थे। जब वह पहले साल आए तो काफी युवा थे और तब वह टी20 विश्व कप में ही खेले थे। उन्हें भारत की तरफ से पदार्पण किए हुए ज्यादा समय नहीं हुआ था।' लक्ष्मण ने कहा, 'हमारी टीम आईपीएल के पहले सत्र में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी, लेकिन रोहित ने बेहतरीन खेल दिखाया था। उन्होंने जिस तरह से मध्यक्रम में दबाव में बल्लेबाजी की वह शानदार था।'

लक्ष्मण ने कहा, 'प्रत्येक मैच और हर एक सफलता के बाद उनका आत्मविश्वास बढ़ता गया। वह कोर ग्रुप में शामिल हो गए। वह युवाओं की मदद करते और अपने विचार रखते। यह उनकी नेतृत्वक्षमता के शुरुआती लक्षण थे।' उन्होंने कहा, 'सबसे महत्वपूर्ण दबाव की परिस्थितियों से पार पाना था, क्योंकि इस तरह की मुश्किल परिस्थितियों में बल्लेबाजी करके उन्होंने साबित किया था और वह निरंतर बेहतर बनते रहे। यही वजह है कि वह आईपीएल इतिहास के सबसे सफल कप्तानों में से एक हैं।'

# ऐसा कभी नहीं कहा जानबूझकर हारा भारत

क्रिकेट

## पाकिस्तानी क्रिकेटर की राजनीति पर बेन स्टोक्स का मुंहतोड़ जवाब

बेन स्टोक्स ने पाक क्रिकेटर सिकंदर बख्त को करारा जवाब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंग्लैंड को पहली बार वनडे में वर्ल्ड चैंपियन बनाने वाले बेन स्टोक्स के भारत की हार को लेकर दिए गए बयान को लेकर शुरू हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब इस मामले में पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर सिकंदर बख्त भी कूद पड़े हैं। उन्होंने पुराना वीडियो शेयर करते हुए भारत पर जानबूझकर हारने का आरोप लगा दिया। बेन स्टोक्स ने इस राजनीतिक बयान को देखा तो जवाब देने से खुद को रोक नहीं सके।

सिकंदर ने ट्वीट में लिखा– बेन स्टोक्स ने अपनी किताब में लिखा है कि इंग्लैंड से भारतीय टीम जानबूझकर हारी थी ताकी पाकिस्तान को वनडे वर्ल्ड कप से बाहर किया जा सके। हमने इस बात की भारत–पाकिस्तान के रिश्ते के आधार पर पहले ही भविष्यवाणी कर दी थी। इस पर बेन स्टोक्स ने रीट्वीट करते हुए लिखा– आप इसे नहीं ढूंढ पाएंगे, क्योंकि मैंने ऐसा कभी कहा ही नहीं। इसे ही तो कहते हैं शब्दों के साथ खेलना या क्लिक बेट।




**किस बयान पर है विवादः** वनडे वर्ल्ड कप–2019 में इंग्लैंड के खिलाफ भारत की हार पर स्टोक्स ने कहा था कि उन्हें रोहित शर्मा और विराट कोहली की साझेदारी 'रहस्यमयी' लगी जबकि महेंद्र सिंह धोनी ने जज्बा नहीं दिखाया। बेन स्टोक्स ने अपनी नई किताब 'ऑन फायर' में विश्व कप के इस मैच का जिक्र किया है। उन्होंने कहा, 'धोनी जब बल्लेबाजी के लिए आए थे, तब भारतीय टीम को 11 ओवर में 112 रन चाहिए थे और उन्होंने अजीब तरीके से बल्लेबाजी की। वह गेंद को सीमारेखा के पार भेजने से ज्यादा एक रन लेने को आतुर दिखे। भारतीय टीम आखिरी 12 गेंद में भी जीत सकती थी।' स्टोक्स ने कहा, 'धोनी और केदार जाधव की साझेदारी में जीत की ललक काफी कम या बिल्कुल नहीं दिखी। मुझे लगता है कि अगर वह ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते तो रन बना सकते थे।' उन्होंने कहा कि इंग्लैंड की ड्रेसिंग रूम को लगा कि धोनी मैच को आखिरी ओवरों तक ले जाना चाहते थे। वह इस मैच में 31 गेंद पर 42 रन बनाकर नाबाद रहे लेकिन ज्यादातर रन अखिरी ओवरों में तब आए जब मैच भारत के हाथ से लगभग निकल चुका था।

**धोनी पर ये कहा थाः** स्टोक्स ने कहा, 'हमारे ड्रेसिंग रूम में इस बात की चर्चा हो रही थी कि धोनी के खेलने का तरीका यही है। अगर भारतीय टीम मैच नहीं जीतती है तो भी उनका नेट रन रेट बना रहे।' बता दें कि इंग्लैंड के नए गेंद के गेंदबाज क्रिस वोक्स और जोफ्रा आर्चर ने रोहित और कोहली को कसी हुई गेंदबाजी की जिन्होंने 138 रन की साझेदारी के लिए लगभग 27 ओवर निकाल दिए।

# दुखी वकार ने कहा डिलीट करूंगा सोशल मीडिया अकाउंट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



किसी ने मेरा अकाउंट हैक कर लाइक किया आपत्तिजनक वीडियो

नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान वकार यूनिस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि किसी के उनका ट्विटर अकाउंट हैक करके आपत्तिजनक वीडियो क्लिप को लाइक कर दिया। यूनिस ने कहा कि वह अब अपना सोशल मीडिया अकाउंट डिलीट कर रहे हैं। वकार युनिस ने कहा कि वह इस वजह से अपना ट्विटर अकाउंट डिलीट कर रहे हैं क्योंकि किसी ने उनका अकाउंट हैक कर पोर्न क्लिक को लाइक कर दिया।

वकार ने शुक्रवार सुबह अपने अकाउंट से वीडियो पोस्ट कर पूरी घटना की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अब वह दोबारा सोशल मीडिया पन नजर नहीं आएंगे। उन्होंने कहा यह पहली बार नहीं है जब उनका अकाउंट हैक किया गया है।

वकार ने कहा, आज जब मैं सुबह सोकर उठा तो मैंने देखा कि किसी अल्लाह के बंदे ने मेरा अकाउंट हैक कर उससे बहुत ही आपत्तिजनक पोस्ट लाइक कर दी है। यह न सिर्फ मेरे लिए शर्मिंदगी की बात है।

पाकिस्तान टीम के पूर्व कोच ने कहा, श्यह शर्मिंदगी की बात है। यह दुख और तकलीफदेह है। मेरे लिए और मेरे परिवार के लिए भी। मैंने यह सोचकर सोशल मीडिया का इस्तेमला करना शुरू किया था कि इसके जरिए लोगों से मिलना–जुलना और बात करना संभव होगा। लेकिन बदकिस्मती से इस आदमी ने सब कुछ खराब कर दिया। हां, आपको बता दूं कि इस हैकर ने यह पहली बार नहीं किया है। मेरा अकाउंट तीन या चार बार हैक हो चुका है। मुझे नहीं लगता कि यह आदमी रुकने वाला है तो मैंने फैसला किया है कि आज के बाद मैं सोशल मीडिया पर नहीं आऊंगा। मैं अपने परिवार को बहुत प्यार करता हूं। आज के बाद आप मुझे सोशल मीडिया पर नहीं देखेंगे। अगर इससे किसी को तकलीफ पहुंची हो तो मैं माफी चाहता हूं।

## प्रवासी मजदूरों के लिए वीरेंदर सहवाग की घर से सेवा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** प्रवासी मजदूरों के लिए वीरेंदर सहवाग की घर से सेवा, खाना बनाने में लगी पूरी फैमिलीपूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंदर सहवाग ने प्रवासी मजदूरों की मदद के लिए घर से सेवा अभियान शुरू किया है। कोरोना वायरस के खौफ काल में लॉकडाउन जारी है और प्रवासी मजदूर घर लौटने को मजबूर हैं तो सहवाग उनकी लगातार मदद कर रहे हैं।

इस बार उन्होंने मां कृष्णा सहवाग, वाइफ आरती और बच्चों (आर्यवीर और वेदांत) के साथ मिलकर खाना बनाया और पैक किया। सहवाग ने ट्विटर पर तस्वीरों को शेयर करते हुए लोगों से इस काम में सहयोग करने की अपील भी की है। उन्होंने लिखा– अपने खुद के घरों में आराम से खाना पकाना और पैक करने की संतुष्टि और @udayfoundation अद्भुत लोगों पर विश्वास करना, जिन्होंने इसे प्रवासी मजदूरों में वितरित किया, #GharSeSewa की सुंदरता है। यदि आप 100 लोगों के लिए भोजन सेवा की पेशकश करना चाहते हैं तो कृपया @SehwagFoundatn पर डीएम करें।

## न्यूज डायरी



### कुमार संगकारा को फिर आई 2011 वर्ल्ड कप फाइनल हार की याद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलकाता। श्रीलंका के पूर्व कप्तान कुमार संगकारा का मानना है कि भारत के खिलाफ 2011 विश्व कप फाइनल में एंजेलो मैथ्यूज का चोट के कारण बाहर होना उनकी टीम को काफी महंगा पड़ा था। मेजबान भारत ने तब 28 साल बाद खिताब जीता था। न्यूजीलैंड के खिलाफ रोमांचक सेमीफाइनल में अहम भूमिका निभाने वाले मैथ्यूज को मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए फाइनल से बाहर होना पड़ा था। भारत के हाथों छह विकेट से हार के बारे में श्रीलंका के पूर्व कप्तान ने कहा कि मैथ्यूज की चोट के कारण उन्हें 6–5 का संयोजन अपनाना पड़ा और यही वजह थी कि उन्हें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला करना पड़ा। संगकारा ने भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के साथ इंस्टाग्राम पर बातचीत में कहा, 'जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं तो उस विश्व कप फाइनल में मुझे यही सबसे बड़ी बात नजर आती है। आप कैच छोड़ना और ऐसी बातें कर सकते हैं। लेकिन यह टीम का संयोजन था और हमें महत्वपूर्ण मैच में हमें बदलाव करने को मजबूर होना पड़ा।'

### गोल्ड मेडल विजेता बॉक्सर फिलहाल कर रहा है खेत में काम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नागपुर। अनंत चोपाड़े के दिन अपने 2 एकड़ के खेत में पसीना बहाते हुए निकल जाता है। बुलधाना के सावना गांव में 22 साल का यह युवा हाथ में फावड़ा लिए पूरा दिन मेहनत करता है। अगर कोरोनावायरस के चलते सब कुछ बंद नहीं होता तो अनंत भी इस समय पटियाला में राष्ट्रीय टीम के अपने साथियों के साथ प्रैक्टिस कर रहा होता। लेकिन इस बीमारी ने सब कुछ थाम दिया है। 2019 में इंडोनेशिया में हुए प्रेजिडेंट कप में 52 किलोग्राम भारवर्ग में गोल्ड मेडल जीतने वाले इस खिलाड़ी ने कहा, श्मैं दो महीने से अधिक वक्त से खेल में काम कर रहा हूं। जबसे मैंने जूनियर में खेलना शुरू किया तब से लेकर अब तक मैं इतना अधिक समय बॉक्सिंग रिंग से दूर नहीं रहा हूं... बॉक्सिंग जल्द शुरू होनी चाहिए। ऐसा नहीं हैं कि इस युवा को खेत में मेहनत करने से कोई गुरेज है या वह इसे लेकर कोई शिकायत कर रहे हैं।

### कोरोना महामारी के कारण राष्ट्रीय खेल अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पहले से ही कई बार टल चुके 36वें राष्ट्रीय खेल कोरोना वायरस महामारी के कारण अब अनिश्चितकाल के लिए टाल दिए गए हैं। ये खेल अक्टूबर नवंबर में गोवा में होने थे। भारतीय ओलिंपिक संघ ने हाल ही में गोवा सरकार से कहा था कि वह इस साल 20 अक्टूबर से चार नवंबर के बीच राष्ट्रीय खेलों का आयोजन करे। कोरोना महामारी के बढ़ते प्रकोप के कारण इन्हें स्थगित करने का फैसला किया गया। आईओए अध्यक्ष नरिंदर बत्रा द्वारा भेजे गए एक बयान में गोवा के उपमुख्यमंत्री और खेल का भी प्रभार देख रहे मनोहर अजगांवकर ने कहा, राष्ट्रीय खेल आयोजन समिति ने कोरोना महामारी के कारण खेलों को स्थगित करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, श्समिति सितंबर के आखिरी में बैठक करेगी और राष्ट्रीय खेलों की तारीख तय की जाएगी।

### नरिंदर बत्रा बोले– बतौर अध्यक्ष समितियां गठित और भंग कर सकता हूं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ के दो शीर्ष अधिकारियों के बीच वाकयुद्ध जारी रहा, जिसमें अध्यक्ष नरिंदर बत्रा ने दावा किया कि संस्था का संविधान उन्हें समिति या आयोग गठित करने का अधिकार देता है, जो कार्यकारी परिषद या आम सभा की मंजूरी के अधीन है। मंगलवार को आईओए महासचिव राजीव मेहता ने बत्रा के 19 मई के नैतिक आयोग को भंग करने के फैसले को श्अवैधश करार दिया था, जो 2017 में गठित किया गया था। मेहता ने कहा था कि नैतिकता नियमों के अंतर्गत आयोग का कार्यकाल 2018 में आम सभा की बैठक ने तय किया था, जिस पर बत्रा ने हस्ताक्षर किए थे और यह चार वर्ष का था और अध्यक्ष दो साल पहले ही इसे खत्म नहीं कर सकते। लेकिन बत्रा ने कहा कि आईओए संविधान के अनुसार उनके पास एक आयोग के सदस्यों को नियुक्त करने और हटाने का अधिकार है।